(Pages : 4)

**M – 1305**

Reg. No. : .............................

Name : ..................................

**Fifth Semester B.A. Degree Examination, December 2021**

**First Degree Programme Under CBCSS**

**Hindi Language and Literature**

**Core Course – VI**

**HN 1541 : ANCIENT POETRY AND EPIC POEMS**

**(2018 & 2019 Admissions)**

gcwcentrallibrary.in

Time : 3 Hours

Max. Marks : 80

I. निर्देश : – एक या दो वाक्यों में उत्तर लिखिए।

1. सूरदास का जन्म कब और कहाँ हुआ?
2. कलियुग का वाल्मीकि कौन है?
3. 'चौरासी वैष्णवन की वार्ता' के रचयिता कौन है?
4. सूरदास किसके शिष्य थे?
5. तुलसीदास के जन्म का नाम क्या था?
6. 'एकलव्य' के रचनाकार कौन है?
7. कबीरदास को किसने वाणी का डिक्टेटर कहा?
8. मीराबाई का पालन पोषण किसने किया?
9. 'श्रीकृष्ण गीतावली' किसकी रचना है?
10. सूरदास की भाषा कौन सी है?

**(10 × 1 = 10 Marks)**

P.T.O.

II. निर्देश :- किन्हीं आठ प्रश्नों के लघु उत्तर करीब **50** शब्दों में दीजिए।

11. गुरु के संबंध में कबीरदास का विचार क्या है?

12. विनय के पदों का क्या महत्व है?

13. माला फेरत जुग भया, फिरा न मन का फेर

कर का मनका डारि के मन का मनका फेर

भावार्थ लिखिए।

14. मीराबाई की काव्यभाषा में किन किन भासाओं का प्रभाव है?

15. ग्रियर्सन ने तुलसीदास के बारे में क्या कहा है?

16. 'रामलला नहछू' की विशेषता क्या है?

17. बालकृष्ण प्रसंग पर विचार कीजिए।

18. मीरा की भक्ति भावना पर एक लघु टिप्पणी लिखिए।

19. सूरदास के कृतित्व का संक्षिप्त विवरण दीजिए।

20. मीरा को पीडा और दर्द की कवयित्री माना गया है। स्पष्ट कीजिए।

21. विद्यापति की रचनाओं के नाम बताइए।

22. एकलव्य किस वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है?

23. द्रोण ने एकलव्य को क्यों अस्वीकार किया?

24. एकलव्य के पिता कौन थे?

25. मीरा की पदावली में गुरु के रूप में किसका स्मरण किया गया है?

26. नहिं परागु, नहिं मधुर मधु, नहिं विकासु इहि काल।

अली, कली ही सौं बँध्यो, आगै कौन हवाल।

भावार्थ लिखिए।

**(8 × 2 = 16 Marks)**

gcwcentrallibrary.in

III. निर्देश :– किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर करीब 120 शब्दों में दीजिए।

27. सूर के विचार में कृष्ण की कृपा से क्या क्या हो सकते हैं?

28. विद्यापति का परिचय दीजिए।

29. 'एकलव्य' काव्य का संदेश क्या है?

30. द्रोण का अपमान कैसे हुआ?

31. भ्रमरगीत प्रसंग पर प्रकाश डालिए।

32. बहुत दिनम की जोवती, बाट तुम्हारी राम
जीव तरसे तुझ मिलन कूँ मनि नाहीं विश्राम

सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

33. मैया कबहि बढैगी चोटी।
किति बार मोहिं दूध पिवत भई यह अजहूँ है छोटी।।
तू जो, कहति बल की बेनी ज्यों है है लांबी मोटी।
काढ़त गुहत न्हवावत ओंछत नागिनि सी भुंइ लोटी।।
काचो दूध पिवावत पचि पचि देत न माखन रोटी।
सूर स्याम चिरजिव दोउ भैया हरि हलधर की जोटी।।

सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

34. घुंघरु बाँध मीरा नाची रे, पग घुंघुरूँ।
लोग कहै मीरा हो गयी बावरी, सास कहै कुलनासी रे।
जहर का प्याला राणाजी भेज्या, पीवत मीरा हांसी रे।
मैं तो अपने नारायण की, आपही हो गयी दासी रे।
मीरा के प्रभु गिरिधिर नागर, बेगि मिलो अविनासी रे।

सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

35. सीस मुकुट कटि काँछनी, कर मुरली उर माल।
यह बालक मो मन बसौ, सदा बिहारीलाल

सप्रसंग व्याक्या कीजिए।



gcwcentrallibrary.in

36. शत्रि, तीक्षरा पहर,

लौटना घर को होगा।

कर्तव्यों से विमुख,

भला सुख किसने भोगा।

सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

37. नींद रात भर उन्हें न आई,

द्रुपद मित्र है, न्यारा।

सहपाठी के समय दिया था

उसने मुझे सहारा।।

सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

38. तुलसीदास की रचनाओं का परिचय दीजिए।

**(6 × 4 = 24 Marks)**

IV. निर्देशः किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर करीब 250 शब्दों में लिखिए।

39. कबीरदास की काव्यगत विशेषताओं का परिचय दीजिए।

40. 'एकलव्य' काव्य का सारांश लिखकर विशेषताएँ बताइए।

41. सूरदास की भक्ति भावना का परिचय दीजिए।

42. मीराबाई कृष्ण प्रेम की दीवानी है। स्पष्ट कीजिए।

43. विद्यापति के श्रृंगार वर्णन का पस्यिय दीजिए।

44. बिहारी सतसई की विशेषताओं को समझाइए।

**(2 × 15 = 30 Marks)**

gcwcentrallibrary.in